आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**02 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच केन्द्र सरकार ने दिया आश्वासन– देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं उर्वरक बीज, कृषि रसायन और कच्चे तेल के भंडार।
- जनगणना दो हजार सत्ताइस का पहला चरण शुरू। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भरा ऑनलाइन स्व–गणना प्रपत्र।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ नगर निगम के लिए हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को किया रवाना । कहा– प्रदेश में कार्बन उत्सर्जन को कम कर नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार हैं इलेक्ट्रिक व्हीकल।
- आईपीएल–2026 के तहत लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हुए क्रिकेट मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हराया।

**********

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच केन्द्र सरकार ने कल आश्वासन दिया कि देश में उर्वरक बीज और कृषि रसायनों का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी बैठक में कृषि विभाग की अपर सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि देश भर में खरीफ फसलों के एक सौ पचासी लाख क्विंटल से अधिक बीज उपलब्ध हैं।

**जितने प्रमुख फसल है उनका पर्याप्त बीज उपलब्ध है धान जिसका सबसे ज्यादा अधिक मात्रा में उपयोग होता है 80 दशमलव 9 लाख क्विंटल, सोयाबीन 35 दशमलव 7 लाख क्विंटल, मूंगफली 21 दशमलव एक, मक्का 11 दशमलव 9 और बाकी तुअर, मूंग और उड़द इनकी पर्याप्त मात्रा में बीज की उपलब्धता है। यह बीच की उपलब्धता सभी राज्यों में पर्याप्त क्वांटिटी में अवेलेबल है।**

अपर सचिव ने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन के लिए पहले से ही छियालीस प्रतिशत उर्वरक उपलब्ध हैं और कृषि रसायनों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि टमाटर, प्याज और आलू सहित प्रमुख फसलों की कीमतें स्थिर हैं और थोक स्तर पर इनमें सुधार दिख रहा है।

इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कच्चे तेल का भंडार वर्तमान में पर्याप्त है।

**हमारी क्रूड इन्वेंटरी सफिशिएंट है और भारत सरकार ने अगले दो महीने के लिए सफिशिएंट क्रूड के लिए अरेंजमेंट किया हुआ है। हमारी रिफाईनरीज उच्चतम स्तर पर चल रही हैं, रिटेल आउटलेट्स पर कोई ड्राई आउट रिपोर्टेड नहीं है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल, डीजल की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई है।**

**********

देश में जनगणना–दो हजार सत्ताइस का पहला चरण कल से शुरू हो गया। पहली बार डिजिटल रूप से आयोजित इस जनगणना में स्व–गणना का विकल्प भी उपलब्ध है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कल जनगणना दो हजार सत्ताइस के लिए ऑनलाइन स्व–गणना प्रपत्र भरा। उन्होंने देशवासियों को आधिकारिक वेब पोर्टल एसई डॉट सेन्सस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन जमा करके स्व–गणना प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उत्तर प्रदेश में जनगणना का पहला चरण बाइस मई से शुरू होगा और इससे पन्द्रह दिन पहले सात मई से स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध होगी।

**********

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया–एएआई ने कल देशभर के सभी हवाई अड्डों पर अपना इकतीसवां वार्षिक स्थापना दिवस मनाया। एक रिपोर्ट–

**वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर एएआई के अध्यक्ष विपिन कुमार का शुभकामना संदेश साझा किया गया। संदेश में उन्होंने बताया कि उडान स्कीम के माध्यम से देश के दूरस्थ एवं छोटे शहरों को हवाई सेवाओं से जोड़ा गया है। एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, डिजिटलीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार में निरंतर प्रगति हो रही है। श्री कुमार ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संरक्षण के तहत एएआई द्वारा ग्रीन एयरपोर्ट, सोलर एनर्जी और कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी तरह सुरक्षा, दक्षता और उत्कृष्ट सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

उन्नीस सौ बानवे बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी चंचल कुमार ने कल सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय जाजू का स्थान लिया है। बिहार कॉडर के अधिकारी श्री कुमार इससे पहले पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत थे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए हरित ऊर्जा से संचालित दो सौ पचास इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नव निर्माण के नौ वर्षों में लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप–तीन शहरों में शामिल हुआ है।

**डबल इंजन सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किया था, उसने स्वच्छता की रैंकिंग को बेहतर बनाने में सफलता प्राप्त की और अब उसको एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल है। कोई कार्बन उत्सर्जन ना हो, कोई प्रदूषण ना हो, उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय पहल है।**

मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में ही कृषि विभाग की समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूरी तरह से क्रियाशील बनाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे विभाग भी कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके।

**********

उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कल लखनऊ से प्रदेश व्यापी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक माह तक चलेगा, जबकि दस्तक अभियान दस अप्रैल से शुरू होकर तीस अप्रैल तक चलेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान जनता के स्वास्थ्य के प्रति प्रदेश सरकार के संकल्प को दर्शाता है। प्रदेश के गोरखपुर, मऊ और बस्ती सहित अलग–अलग जिलों में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**********

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कल इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल दो हजार छब्बीस के तहत खेले गये मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद दिल्ली की टीम ने पहले फिल्डिंग करने का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंटस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अट्ठारह ओवर और चार गेंदों में एक सौ इकतालीस रन बनाएं। जवाब में दिल्ली की टीम ने सत्रह ओवर और एक बाल में ही निर्धारित लक्ष्य को चार विकेट खो कर हासिल कर लिया।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में कल कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, प्रदेश भर में आज मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कल भी मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं। विभाग के मुताबिक कल तक प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी भी हो सकती है।

**********